# मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय निरंतर जारी

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड-19 के मरीजों को
किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु जिला कलेक्टर कुमार
पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल
कॉलेज में पंहूचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त
अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है साथ ही इस कार्य में सतत् निगरानी
भी रखी जा रही है। नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा
मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं
कर्मचारियों द्वारा सत्त निगरानी रखी जा रही है इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज
में सेनेटाईजेशन के कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो मेडिकल कॉलेज के
अंदर व बाहर सेनेटाईजेशन का कार्य संपादित कर रहे है। इन्दौर सा।

इन्दौर समाचार

14-5-2021

## शिवराज सरकार का बड़ा ऐलान

# महामारी में बेसहारा हुए बच्चों को मुफ्त शिक्षा, परिजन को देंगे पेंशन और राशन

- बच्चों के परिजन को इलाज के साथ 5000 रुपए प्रतिमाह पेंशन
- यदि काम शुरू करना चाहते हैं तो बिना ब्याज के मिलेगा कर्ज
- जिन जिलों में संक्रमण दर 5% से नीचे, वहां कर्फ्यू में ढील भी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 14-5-21

भोपाल. शिवराज सरकार ने गुरुवार को कोरोना के कहर से बेसहारा हुए बच्चों के लिए बड़ा ऐलान किया। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बेसहारा (अनाथ) हुए बच्चों को सरकार मुफ्त शिक्षा देगी। बच्चों सहित असहाय परिजन को राशन और इलाज के साथ 5000 रुपए महीने पेंशन भी दी जाएगी। यदि वे कोई काम-धंधा करना चाहेंगे तो सरकार की गारंटी पर उन्हें बिना ब्याज के कर्ज भी मिल सकेगा। इसके लिए योजना बनाकर जारी की जाएगी।

देश में कोरोना से बेसहारा होने वाले बच्चों और परिजन के लिए इस तरह की व्यवस्था करने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है। शिवराज ने कहा, महामारी ने कई परिवारों को तोड़कर रख दिया है। कई बच्चे और बुजुर्ग बेसहारा हो गए हैं। अब सरकार उनका ख्याल रखेगी। उन्होंने कहा, जो बेसहारा परिवार पात्रता नहीं रखते हैं, उन्हें भी मुफ्त राशन दिया जाएगा।

इधर, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का कहना है कि प्रदेश के जिन क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण की दर पांच फीसदी से नीचे आएगी, वहां कोरोना कर्फ्यू में आंशिक ढील दी जाएगी।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा में कोरोना वॉलंटियर अभियान और जन अभियान परिषद् से जुड़े कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

## 31 तक कर्फ्यू से नहीं मिलेगी छूट

**रीवा @ पत्रिका.** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना का पॉजिटिविटी रेट 5% आने पर ही कर्फ्यू में ढील देने की शुरुआत होगी। रीवा में जिला आपदा प्रबंधन कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा, संक्रमण की रफ्तार कम हुई है, पर लॉकडाउन नहीं खोला जा सकता। संकेत दिए कि 31 मई तक कर्फ्यू जारी रहेगा।

### हेलिकॉप्टर नहीं उड़ा तो अफसरों के होश उड़े

**सतना.** सीएम शाम को रैगांव के दिवंगत विधायक जुगल किशोर बागरी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। जब वापस हेलीपैड पहुंचे और हेलिकॉप्टर में सवार हुए तो हेलिकॉप्टर उड़ नहीं पाया। हालांकि थोड़ी देर में इंजन पूरी तरह स्टार्ट हो गया।

## अधिवक्ताओं के कोरोना इलाज के लिए 5 करोड़ रुपए मंजूर

प्रदेश के अधिवक्ताओं के कोरोना इलाज के लिए सरकार ने 5 करोड़ रुपए तक की चिकित्सा सहायता मंजूर की है। गृह एवं विधि मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने गुरुवार को इसकी घोषणा कर दी। बीते दिनों अधिवक्ता कल्याण-निधि न्यास समिति की बैठक में इस पर निर्णय हुआ था। नरोत्तम ने बताया कि यह राशि मध्यप्रदेश अधिवक्ता सहायता योजना 2021 के तहत कोरोना से गंभीर रूप से संक्रमित अधिवक्ताओं के उपचार के लिए राज्य अधिवक्ता परिषद को दी जाएगी। गंभीर रूप से संक्रमित अधिवक्ताओं को राज्य अधिवक्ता परिषद को आवेदन करने के बाद ईलाज करने वाले अस्पताल के खाते में राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कोरोना के अतिरिक्त अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित अधिवक्ताओं के उपचार के लिए भी एक करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। इसके अलावा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण स्कीम 2012 के तहत 43 दिवंगत अधिवक्ताओं के परिवार को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया गया है। पूर्व में भी 303 दिवंगत अधिवक्ताओं को उक्त योजना के तहत एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जा चुकी है।

### ब्लैक फंगस का भी मुफ्त इलाज

सरकार म्यूकरमाइकोसिस (ब्लैक फंगस) से पीड़ित मरीजों का भी मुफ्त इलाज कराएगी। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने गुरुवार को मीडिया से कहा कि ब्लैक फंगस से पीड़ित मरीजों के केस सामने आ रहे है। इनका मुफ्त उपचार सरकार कराएगी। इस बीमारी के इलाज के लिए केन्द्र की ओर से भी सबसे पहला सेंटर मध्यप्रदेश में ही बनाया जाएगा, जो भोपाल और जबलपुर में होगा। यहां 10-10 बिस्तर की व्यवस्था होगी।

पत्रिका
14-5-2021

15

## मेडिकल कॉलेज से 25 लोग स्वस्थ होकर घर पहुंचे, 74 नए भर्ती

रतलाम | मेडिकल कॉलेज में बेड को लेकर हालात नहीं सुधर रहे हैं। गुरुवार को कॉलेज में एक भी ऑक्सीजन बेड खाली नहीं था। 25 लोग कॉलेज से स्वस्थ होकर अपने घर पहुंचे वहीं 74 नए मरीजों को भर्ती किया गया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि कॉलेज के अस्पताल में कुल बेड 550 हैं, इनमें से आईसीयू, एचडीयू और ऑक्सीजन के सभी बेड फुल हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 60 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 468 पैशेंट का अस्पताल में इलाज हो रहा है, इनमें 336 पॉजिटिव हैं। अभी रिक्त बेड 82 हैं। वहीं, 95 रेमडेसिविर इंजेक्शन का स्टॉक बचा हुआ है।

## शास्त्री नगर कंटेनमेंट एरिया में 26 सैंपल लिए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

14-5-21

कोरोना की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने अब कंटेनमेंट एरिया में भी सैंपल लेना शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को शास्त्रीनगर कंटेनमेंट एरिया में टीम पहुंची और 26 लोगों के कोरोना के टेस्ट किए। अन्य स्थानों के कंटेनमेंट एरिया में भी सैंपल लिए जाएंगे। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि शहर में कंटेनमेंट एरिया में भी कोरोना टेस्ट की प्लानिंग बनाई है। वहीं जहां कंटेनमेंट एरिया बन रहे हैं वहां पहले सैंपलिंग करने की भी योजना है।

# लॉकडाउन अब 25 मई तक बढ़ाया, मेडिकल कॉलेज में 50-50 कर बढ़ाएंगे ऑक्सीजन बेड

### पुरानी गाइडलाइन ही लागू रहेगी, 17 मई सुबह 6 बजे खत्म होने वाली थी लॉकडाउन की समय सीमा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

14-5-21

कोरोना काबू आता नहीं देखकर जिले में लॉकडाउन 25 मई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। आखिरी बार बढ़ाए गए लॉकडाउन की समय सीमा 17 मई सुबह 6 बजे खत्म होगी। इसके बाद कोरोना कर्फ्यू 8 दिन के लिए और बढ़ा दिया जाएगा। इसकी जानकारी गुरुवार को खुद नए जिला कोविड प्रभारी बनाए गए उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने की।

हालांकि प्रशासन ने निर्देश जारी नहीं किए हैं, लेकिन बताया जा रहा है कि बढ़ाई गई लॉकडाउन की अवधि में भी गाइडलाइन अभी वाली ही लागू रहेगी। लोगों की सुविधा के लिए शर्तों के साथ कुछ और छूट दी जा सकती है। उधर मेडिकल कॉलेज में 50-50 करके ऑक्सीजन बेड 200 और बढ़ाने का भी फैसला लिया गया। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने तीन-चार दिन में 50 ऑक्सीजन बेड पर इलाज शुरू करने का भरोसा भी दिलाया।

### जरूरत होने पर छोटे कोविड केअर सेंटर बढ़ाओ

गुरुवार को ही जिला कोविड प्रभारी बनाए गए उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोपहर को कलेक्टोरेट पहुंचकर अधिकारियों की बैठक ली। कोरोना की जानकारी लेने के बाद उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों में भी ऑक्सीजन बेड बढ़ाए जाएंगे। जरूरत होने पर छोटे कोविड-केअर सेंटर और बनाएंगे। उनमें पर्याप्त मेडिकल स्टॉफ भी नियुक्त करेंगे। उन्होंने आयुष चिकित्सकों, मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट तथा नर्सिंग स्टूडेंट की सेवाएं लेने का सुझाव दिया। बोले इसके लिए मानदेय भी दिया जाएगा।

**ऑक्सीजन बेड का पूछा :** पिपलौदा में 10 ऑक्सीजन बेड वाला सेंटर कब शुरू होगा। यह पूछने पर डीपीएम अजहर अली बोल बैठे कल से ही शुरू कर देंगे। इस पर जावरा विधायक डॉ. पांडेय ने हैरानी जताते हुए मैं कल सुबह ही वहां जाकर देखता हूं। पिपलौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फोन लगाकर पूछा तो बताया कि अभी ऑक्सीजन लाइन डली है। ठेकेदार काम बंद करके चला गया। इस पर डीपीएम के पसीने छूट गए।

**ऑक्सीजन बेड उपलब्ध कराए :** बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप ने ट्राइज एरिया में 50 अतिरिक्त ऑक्सीजन बेड उपलब्ध कराने को कहा। इस पर मंत्री डॉ. यादव ने स्वीकृति दे दी। सांसद सुधीर गुप्ता ने फंगल इंफेक्शन के उपचार की व्यवस्था करने, सांसद अनिल फिरोजिया ने ताल, आलोट क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में जावरा विधायक डॉ. पांडेय, गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, महेंद्र कटारिया भी मौजूद रहे।

### सिविल सर्जन नहीं पहुंचे मीटिंग में, सीएमएचओ पॉजिटिव निकले

जिला कोविड प्रभारी डॉ. यादव की बैठक में सिविल सर्जन और सीएमएचओ दोनों गैर-हाजिर रहे। जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने इस पर आपत्ति ली तो बताया गया कि सीएमएचओ पॉजिटिव हैं। सिविल सर्जन की पड़ताल शुरू हुई तो वे क्राइसिस कमेटी की मीटिंग में पहुंच गए। विधायक डॉ. पांडे ने आलोट, ताल, पिपलौदा, सैलाना बाजना में छोटे सेंटर बनाने की जरूरत बताई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि ताल, आलोट और सैलाना में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर पहुंच गए हैं। दो-तीन दिन में कोविड केअर सेंटर चालू हो जाएंगे। जिले के उपस्वास्थ्य केंद्रों पर ऑक्सीजन बेड के लिए लाइनें बिछाई जा रही हैं।

दै. भास्कर

14-5-2021

## कोरोना प्रबंधन को लेकर आज सीएम करेंगे संवाद

भोपाल (ब्यूरो)। कोरोना संक्रमण की कड़ी को तोड़ने के लिए चलाए जा रहे किल कोरोना अभियान और जनता कर्फ्यू के क्रियान्वयन को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। वे गांव के आपदा प्रबंधन समूह के सदस्यों को संबोधित करेंगे। इसमें संभागीय से लेकर पंचायत स्तर के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहेंगे।

नई दुनिया
14-5-2021

### कोविड सहायता केंद्र में दवाई भी मिलेगी

# सर्दी, खांसी, बुखार हो तो शहर के इन 8 स्थानों पर पहुंचें...

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

14-5-21

यदि आपको सर्दी, खांसी, बुखार, गले में खराश जैसी समस्या हो रही है तो देर ना करें... किल कोरोना अभियान के तहत 8 स्थानों पर कोविड सहायता केंद्र का संचालन किया जा रहा है। यहां पहुंचे और अपनी जांच करवाएं... यदि जरूरत होगी तो वहां मौजूद डॉक्टर आपको सैंपल देने का कहेंगे। सैंपल फीवर क्लीनिक में ले लिया जाएगा।

कोविड-19 सहायता केंद्र पर नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है। वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36

स्कूल डीमार्ट रोड, वार्ड क्रमांक 27, 28 व 29 के लोग दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 के लोग मोती नगर प्राथमिक स्कूल, वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 के लोग हाकिमवाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 के लोग सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेश नगर व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 के लोग रेडक्रॉस भवन सिरियाखेड़ी मेन रोड पर जांच करवा सकते हैं। बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण जैसे सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, कमजोरी,

## सबक लें : सोशल डिस्टेंसिंग की बेहतरीन तस्वीर, संत दूध लेने के दौरान भी सोशल डिस्टेंसिंग रख रहे हैं तो आप क्यों नहीं




रतलाम | सैलाना बस स्टैंड स्थित अखंड ज्ञान आश्रम के बाहर की है। कोरोना को देखते हुए यहां संतों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन किया जा रहा है और दूध लेने भी सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन किया जा रहा है। दो बत्ती टीआई किशोर पाटनवाला गुजरे तो वे रुक गए और अपनी गाड़ी से ही ये फोटो लिया।

## हिदायत : ये मुंबई नहीं छोटा-सा शहर रतलाम है, लॉकडाउन लगा है, आप घर में जाइए



6

# 4 दिन में 41 कंटेनमेंट एरिया, मुख्य शहर नहीं कॉलोनियों में फैला वायरस

## घर-घर सर्वे में दलों को मिले 230 से ज्यादा सर्दी-खांसी के मरीज



डोंगरे नगर में कंटेनमेंट क्षेत्र बनाते कर्मचारी।

### 82 प्रतिशत कंटेनमेंट कॉलोनी एरिया में बने

भास्कर संवाददाता | रतलाम

14-5-21

कोरोना वायरस मुख्य (पुराने) शहर की बजाय कॉलोनियों में ज्यादा तेजी से फैल रहा है। इसका प्रमाण है चार दिन में शहर में बने 41 कंटेनमेंट एरिया। इनमें से 82 प्रतिशत कॉलोनियों में भी बने हैं। यह बताता है कि रहवासी बाजार इलाकों में संक्रमण का असर ज्यादा नहीं है। इसके चलते आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को घर-घर सर्वे के लिए मैदान में उतारा गया है।

इनके आंकड़े भी कम चौंकाने वाले नहीं हैं। तीन दिन में 49 वार्ड में अब तक 190 से ज्यादा सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार से बीमार सामने आ चुके हैं। इलाज के लिए इन्हें तत्काल दवाइयां दे दी गई हैं ताकि मर्ज कोरोना में तब्दील न हो। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम साफ कह चुके हैं कि जिन्हें सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार हो रहा हो, वे कोरोना मरीजों की तरह ही आइसोलेशन में रहकर इलाज करें। इससे खुद के साथ परिवार भी सुरक्षित रहेगा।

### ऑक्सीजन की सप्लाई के साथ सैनिटाइजेशन कर रहे



कोविड-19 मरीजों के उपचार के लिए नगर निगम की टीम लगातार ऑक्सीजन सिलेंडर प्लांट से मेडिकल कॉलेज पहुंचा रही है। आयुक्त सोमनाथ झारिया इसकी निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा सफाई में नाकाम रहने वाले कामधेन एजेंसी से भी गुरुवार को सफाई व्यवस्था की कमान उप स्वच्छता पर्यवेक्षक विराट मेहरा ने संभाल ली है। सफाई एजेंसी के कर्मचारियों से अब वहीं सफाई करवाएंगे। इसके अलावा निगम के 5 कर्मचारी हैंड मशीनों से लगातार कॉलेज के अंदर और बाहर सैनिटाइजेशन कर रहे हैं।

### 11 और कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए

गुरुवार को राजस्व और नगर निगम की टीम ने 11 और कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए। इनमें टाटा नगर, तेजा नगर, प्रताप नगर एक्सटेंशन, ऑफिसर्स कॉलोनी, धानमंडी बाजार, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी, गुलमोहर कॉलोनी, डोंगरे नगर, मोहन नगर और सुमंगल गार्डन के पास वाले मोहल्ले को बंद किया गया। अधिकांश इलाकों में दो से चार मरीज हैं। 10 मई को सबसे पहले शहर में 5, 11 मई को 13 और 12 मई को 12 कंटेनमेंट बनाए जा चुके हैं। इस बीच दो दिन पहले सिर्फ शास्त्री नगर साई मंदिर के साइड वाली गली में बनाया कंटेनमेंट क्षेत्र खोला गया है। इसके अलावा सभी बंद हैं।

# कोरोना संक्रमण पंहुचा खतरनाक स्तर पर, 26 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है पाजिटिविटी की दर

**रतलाम। एक ओर मध्यप्रदेश में कोरोना की रफ्तार कुछ कम होती नजर आ रही है, लेकिन रतलाम जिला अब भी कोरोना का हाट स्पाट बना हुआ है। रतलाम में पाजिटिविटी की दर 26 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है।**

रतलाम में कोरोना की रफ्तार को रोकने के तमाम जतन किए जा रहे है। लेकिन इसके बावजूद कोरोना की रफ्तार डराने वाली बनी हुई है। अस्पतालों में भीड लगी हुई है और नए आने वाले मरीज को बिस्तर उपलब्ध होगा या नहीं कोई नहीं जानता। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों पर नजर डाले तो 1 मार्च 2021 के दिन जहां केवल एक कोरोना पाजिटिव मरीज मिला था, वहीं एक महीने बाद 01 अप्रैल को एक दिन में 84 नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले थे। इस दिन कोरोना संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत हुई थी। इस एक मौत के साथ 1 अप्रैल तक कुल मृत्यु का आंकड़ा 92 पर पंहुचा था लेकिन इसके बाद कोरोना जैसे बेकाबू होने लगा। सिर्फ तीस दिनों में कोरोना संक्रमण से होने वाली मृत्यु की संख्या बढ़कर 190 हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ो के मुताबिक 30 अप्रैल के दिन चौबीस घण्टो में मिलने वाले नए कोरोना संक्रमितों की संख्या 1 अप्रैल की तुलना में दुगुने से अधिक यानी 280 पर जा पंहुची थी। इन तीस दिनों में 98 लोगों ने कोरोना संक्रमण के चलते दम तोड दिया था। अप्रैल का इकलौता महीना पिछले वर्ष से प्रारंभ हुए कोरोना काल के मुकाबले एक साल की अवधि से भी अधिक घातक साबित हुआ। मार्च 2020 से मार्च 2021 तक के पूरे एक वर्ष में कोरोना की वजह से मरने वालों की संख्या जहां 92 थी, वहीं इस इकलौते महीने में 98 लोगों ने कोरोना की वजह से दम तोडा था।




मई का महीना तो रतलाम के लिए और भी घातक सिद्ध हो रहा है। मई महीने के बारह दिनों में ही 54 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है। कोरोना से होने वाली कुल मौतों का आंकड़ा 239 पर जा पंहुचा है। मई के महीने में अब तक (12 मई तक) केवल 3 मई को छोडकर प्रतिदिन कम से कम चार लोगों की कोरोना संक्रमण से मौत हुई है। इन बारह दिनों में सबसे कम मृत्यु 3 मई को हुई थी। 03 मई को केवल एक कोरोना संक्रमित की मृत्यु हुई थी, वहीं 09 मई को एक दिन में सर्वाधिक 06 लोगों की मौत हुई। कोरोना की पाजिटिविटी दर भी कतई कम नहीं हो रही है। 11 मई को जिले में कुल 1270 मरीजों के सैम्पल्स की जांच की गई थी,जिनमें से कुल 335 मरीज कोरोना पाजिटिव पाए गए। इस तरह कोरोना की पाजिटिविटी दर 26.37 रही। पूरे मध्यप्रदेश में पाजिटिविटी की दर इसकी तुलना में काफी कम है। पिछले कुछ दिनों में कोरोना जिले के ग्रामीण इलाकों में बडी तेजी से पांव पसारता दिखाई दिया है। प्रतिदिन सामने आ रहे कोरोना संक्रमितों में अधिक संख्या ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों की है।

इन्दौर समाचार
14-5-2021

# खाद्यान्न पर्ची के लिए आज से जोन कार्यालय पर लिए जाएंगे आवेदन

रतलाम | लॉकडाउन में फंसे गरीब तबके के लोगों तक खाद्यान्न पहुंचाने के लिए 14 मई से पात्रताविहीन या छूटे हुए परिवार की पात्रता पर्ची बनाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। हितग्राही परिवार नगर निगम के जोन कार्यालयों पर सुबह 8 बजे से आवेदन दे सकेंगे। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार एनएफएसए 2013 में 24 श्रेणी के परिवारों को पात्रता श्रेणी में शामिल किया है। शुक्रवार से जोन एक अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, जोन दो आंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउंड, जोन तीन

(17)

# 25 मई तक कोरोना कर्फ्यू, ग्रामीण अस्पतालों में आक्सीजन बेड भी लगेंगे

## जीतेंगे जंग : जिला कोविड प्रभारी मंत्री ने बैठक में दिए निर्देश, 26 प्रतिशत तक पहुंची संक्रमण की दर






कलेक्टोरेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव। • नईदुनिया 14-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने के चलते अब गांवों में ही उपचार के इंतजाम बढ़ाए जा रहे हैं। गुरुवार को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के स्थान पर उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव को जिला कोविड प्रभारी मंत्री नियुक्त किया। नियुक्ति के बाद वे रतलाम पहुंचे और बैठक लेकर कोरोना नियंत्रण के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा की। जिले में संक्रमण की दर 26 प्रतिशत तक पहुंचने के चलते कोरोना कर्फ्यू 25 मई की सुबह छह बजे तक बढ़ाने का निर्णय किया गया।

बैठक में मंत्री यादव ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख शासकीय अस्पतालों में भी आक्सीजन बेड पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराए जाएं, आवश्यकता पड़ने पर छोटे कोविड केयर सेंटर की भी वृद्धि की जाएगी। साथ ही पर्याप्त मेडिकल स्टाफ रखा जाएगा। मेडिकल कालेज में आने वाला हर मरीज उपचार प्राप्त करें, निराश वापस नहीं लौटे। मेडिकल कॉलेज में 150 से 200 की संख्या में आक्सीजन बेड की वृद्धि की जाए। बैठक में विधायक जावरा डा. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह आदि उपस्थित थे।

विधायक डा. पांडे ने कहा कि मेडिकल कालेज सहित आलोट, ताल, पिपलौदा आदि स्थानों में पर्याप्त संख्या में आक्सीजन बेड व आवश्यक मेडिकल स्टाफ तैनात किया जाए। इस पर मंत्री डा. यादव ने स्वीकृति देते हुए आवश्यक निर्देश दिए। विधायक मकवाना ने भी ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के कोविड-उपचार के संबंध में सुझाव दिए। कलेक्टर ने बताया कि जिले के उपस्वास्थ्य केंद्रों पर आक्सीजन बेड के लिए आक्सीजन लाइनें बिछाई जा रही हैं।

**अन्य जिलों से भी भेजेंगे आक्सीजन**

मंत्री डा. यादव ने कहा कि स्थानीय उपलब्धता के अलावा उज्जैन, नागदा इत्यादि स्थानों से भी पर्याप्त संख्या में आक्सीजन सिलिंडर मंगवाए जाएंगे। मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की पूर्ति के लिए आयुष चिकित्सकों, मेडिकल कालेज स्टूडेंट तथा नर्सिंग स्टूडेंट की सेवाएं ली जाएं। इसके लिए उन्हें मानदेय भी प्रदान किया जाएगा।

**हितग्राहियों को राशन देने की कार्रवाई तेजी से करें**

उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव के अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक भी हुई। बैठक में सांसद सुधीर गुप्ता, अनिल फिरोजिया, विधायक चेतन्य काश्यप आनलाइन जुड़े थे। विधायक जावरा डा. पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण मकवाना, मनोहर पोरवाल, गोविंद काकानी, महेंद्र कटारिया आदि उपस्थित थे।

बैठक में मंत्री यादव ने निर्देश दिए कि शहर में नगर निगम के चार जोन में हितग्राहियों से आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करवाई जाकर उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। सांसद गुप्ता ने फंगल इंफेक्शन संबंधी उपचार चिकित्सालय में उपलब्ध कराने तथा सांसद फिरोजिया ने ताल, आलोट क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने, लाकडाउन का कड़ाई से पालन करवाने की बात कही। विधायक काश्यप ने कहा कि मेडिकल कालेज में ट्राय एज एरिया में 50 अतिरिक्त आक्सीजन बेड उपलब्ध कराए जाएं जिससे वहां आने वाले मरीजों के लिए अतिरिक्त भर्ती सुविधा मिले।

### 1593 लोगों को टीका लगाया आज नहीं लगेंगे टीके

रतलाम। कोविड टीकाकरण सत्रों के दौरान गुरुवार को कुल 1593 लोगों का टीकाकरण किया गया। 18 से 44 वर्ष आयु समूह के 616 लोगों को को-वैक्सीन व 45 वर्ष से अधिक आयु समूह के 955 लोगों ने कोविशील्ड का दूसरा टीका लगवाया। शुक्रवार को टीकाकरण नहीं होगा।

### मास्क अनिवार्य रूप से पहनें, शारीरिक दूरी बनाकर रखें



दिनेश पाटीदार

कोरोना संक्रमण काल में सुरक्षित रहने के लिए वैक्सीनेशन संजीवनी का काम कर रहा है। दूरी बनाकर अपना कार्य करें। भीड़ में जाने से बचें। हमेशा मास्क पहनें। धैर्य व साहस के साथ इस विकट समय का सामना करें।

– दिनेश एच. पाटीदार, किसान प्रीतमनगर



राहुल ओस्तवाल

कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर को रोकने के लिए आबादी के हिसाब से टेस्टिंग को बढ़ाना बहुत जरूरी है। नागरिकों को वैक्सीन के दोनों डोज समय-समय पर लगवाना चाहिए। इससे बीमारी का खतरा कम होगा। इसके साथ ही मुंह पर मास्क लगाएं।

– राहुल ओस्तवाल, जिला महामंत्री, भाजयुमो, नाहटा कालोनी जावरा



प्रो. विद्या तिवारी

कोरोना की पहली लहर में की गई लापरवाही का ही परिणाम है कि आज दूसरी लहर में शहरी क्षेत्र के साथ-साथ गांव में भी महामारी ने पैर पसार लिए है। शासन-प्रशासन अपनी तरफ से लगातार कोशिश कर रहे हैं। हमारा भी कर्तव्य है कि प्रोटोकाल का पालन करें।

– प्रो. विद्या तिवारी, भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय, जवाहर नगर जावरा



यश जैन

कोरोना से बचाव स्वयं को करना होगा। पहली जिम्मेदारी आप स्वयं की ही है। मास्क के साथ वैक्सीन भी जरूरी है। अभी सभी को घर पर ही रहना है तो अच्छी किताबें पढ़ें। टीवी शो देखें और अपने परिवार व दोस्तों के साथ वीडियो काल पर बातें कर खुद को व्यस्त रखें।

– यश जैन, एडवोकेट, संजय काम्प्लेक्स जावरा



निर्मला हाड़ा

अपनों से नहीं मिलेंगे तो चलेगा। अपनों को नहीं देखेंगे तो भी चलेगा, लेकिन अपने अस्वस्थ होंगे तो यह नहीं चलेगा। अपने अपनों से बिछड़ेंगे तो सह नहीं पाएंगे, इसलिए जीवन जीना है तो मास्क जरूर लगाएं। घर में रहें सुरक्षित रहें। कोविड 19 के नियमों का पालन करें। वैक्सीन की दोनों डोज अवश्य लगवाएं।

–निर्मला हाड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, अरिहंत कॉलोनी जावरा



निशील दसेड़ा

अब शहर से ज्यादा गांवों में हालत खराब है। आप भी गांव वालों को प्रेरित करें कि थोड़े भी लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं। स्वयं को घर वालों से अलग आइसोलेट करें। – निशील दसेड़ा नमन, सचिव, तरुण परिषद जावरा

नई दुनिया
14-5-2021

# नगर के विभिन्न क्षेत्रों को फायर लॉरी से किया सेनेटाईज



रतलाम। नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 13 मई को फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भकन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, काटजू नगर, दीनदयाल नगर, मोती नगर, ओसवाल नगर, टाटा नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। इन्दौर २१।

इन्दौर समाचार
14-5-2021

मुख्यमंत्री के दौरे से पहले कैबिनेट मंत्री मोहन यादव ने रतलाम पहुंचकर ली समीक्षा

# रतलाम जिले में बढ़ता संक्रमण देख 25 मई तक बढ़ाया कोरोना कर्फ्यू

## बढ़ती मरीजों की संख्या के चलते 300 ऑक्सीजन बेड और बढ़ाए जाएंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 14-5-21



रतलाम. जिले में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार से बिगड़ते हालातों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के रतलाम दौरे के पूर्व गुरुवार को जिले के लिए नए सिरे से प्रभारी बनाए गए मंत्री मोहन यादव रतलाम पहुंचे। मंत्री ने रतलाम आने के बाद यहां कलेक्टेट सभाकक्ष में अधिकारियों से चर्चा कर जिले के हालातों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश। इसके बाद यहीं पर हुई जिला क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक में रतलाम में कोरोना कर्फ्यू को 25 मई तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

मंत्री यादव ने बताया कि जिले में मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके उसके लिए करीब 300 ऑक्सीजन बेड और बढ़ाए जाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है, जल्द ही तहसील स्तर पर भी मरीजों को ऑक्सीजन बेड की सुविधा मिलेगी। कुछ जगह ऑक्सीजन लाइन हैं तो उसके माध्यम से मरीजों को ऑक्सीजन देने का काम किया जाएगा तो कुछ जगह सिलेंडर के माध्यम से ऑक्सीजन देंगे। फिलहाल जिले की स्थिति को देखते 25 मई तक सब कुछ बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान दूध, दवा, फल, सब्जी, राशन सहित आवश्यक वस्तुएं आमजन तक पहुंचती रहेगी।

### ऑक्सीजन बेड की संख्या बढ़ेगी

मंत्री यादव की मौजूदगी में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन बेड संख्या बढ़ाई जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख शासकीय अस्पतालों में भी ऑक्सीजन बेड पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराए जाएंगे, आवश्यकता पड़ने पर छोटे कोविड-केयर सेंटर्स की भी वृद्धि की जाएगी। साथ ही पर्याप्त स्टाफ रखा जाएगा। मेडिकल कॉलेज में 150 से 200 की संख्या में ऑक्सीजन बेड की वृद्धि की जाए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में पुख्ता व्यवस्था हो

मंत्री यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के उपस्वास्थ्य केंद्रों में भी ऑक्सीजन बेड पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखे जाएं। विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने कहा कि जिले में जरूरत के अनुसार छोटे कोविड-केयर सेंटर्स की वृद्धि की जाए। मेडिकल कॉलेज सहित आलोट, ताल, पिपलोदा आदि स्थानों में पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन बेड उपलब्ध कराए जाएं। आवश्यक मेडिकल स्टाफ तैनात किया जाए। इस पर मंत्री यादव ने स्वीकृति देते हुए आवश्यक निर्देश दिए। विधायक दिलीप मकवाना ने भी ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के कोविड-उपचार के संबंध में सुझाव दिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले के उपस्वास्थ्य केंद्रों पर ऑक्सीजन बेड उपलब्धता के लिए ऑक्सीजन लाइनें बिछाई जा रही हैं, पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### उपचार के लिए यहां न आना पड़े

मंत्री यादव ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को शहर में उपचार के लिए नहीं आना पड़े, इसके लिए उनके क्षेत्र में स्थित शासकीय चिकित्सालय में ऑक्सीजन बेड अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। इसके पूर्व मंत्री ने जिले में कोरोना नियंत्रण की समीक्षा की। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से संक्रमण की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, मनोहर पोरवाल, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, डीपीएम अजहर अली, डॉ गौरव बोरीवाल, डॉ प्रमोद प्रजापति उपस्थित थे।

### स्टाफ बढ़ाया जाए

मंत्री ने कहा कि रतलाम जिले के लिए अस्पतालों में ऑक्सीजन उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय उपलब्धता के अलावा उज्जैन, नागदा इत्यादि स्थानों से भी पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन सिलेंडर मंगवाए जाएंगे। मंत्री ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में आवश्यक मेडिकल स्टाफ की पूर्ति के लिए आयुष चिकित्सकों, मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट तथा नर्सिंग स्टूडेंट की सेवाएं ली जाएं। इसके लिए उन्हें मानदेय भी प्रदान किया जाएगा।

पत्रिका
14-5-2021

**संक्रमण की अनदेखी** • सद्बुद्धि का इसलिए कह रहे क्योंकि प्रशासन वैक्सीनेशन के चक्कर में दो गज की दूरी भूल बैठा

# हे प्रभु ! प्रशासन को सद्बुद्धि दे

## सिर्फ औपचारिकता के लिए कर दी 45+ के लोगों को वैक्सीन की घोषणा, सिर्फ एक केंद्र पर शहर के लोग उमड़े

- बिना प्लानिंग वैक्सीनेशन का नतीजा... माहेश्वरी धर्मशाला में सुबह से ही लगने लगी थी भीड़
- पुलिस भी पहुंची, टोकन बांटे लेकिन... 1 घंटे में ही खत्म हो गए टीके, रतलाम में वैक्सीन की कमी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

14-5-21

रतलाम में वैक्सीन खत्म हो चुकी है। 200-500 वैक्सीन के भरोसे प्रशासन कैंप लगा रहा है... ताकि औपचारिकता पूरी हो सके। शहर के कई लोग इस भ्रम में वैक्सीन केंद्र पर भी पहुंच रहे हैं ताकि वैक्सीन लग जाए लेकिन प्रशासन की इस बड़ी गलती का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ सकता है। गुरुवार को पूरे रतलाम शहर के 45+ के लोगों के लिए सिर्फ एक केंद्र पर ही वैक्सीनेशन हुआ। प्रशासन ने ना तो एरिया तय किया था... ना ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन। नतीजा ये था कि पूरे शहर के लोग इस केंद्र पर आने लगे। केंद्र पर सुबह भारी भीड़ हो गई। अब बस प्रार्थना कर सकते हैं कि... इस भीड़ में से संक्रमण लेकर घर ना पहुंचा हो।

गुरुवार को माहेश्वरी धर्मशाला में वैक्सीन लगना थी। अधिकारियों ने ऑफिस में बैठकर तय किया कि... सिर्फ 45+ के लोगों को दूसरा डोज लगाएंगे, लेकिन यह भूल गए कि रतलाम का इकलौता केंद्र है, ऐसे में भीड़ होना तय है। सुबह इसका परिणाम सामने आया, सुबह 8 बजे से ही केंद्र पर लोग पहुंचने लगे। भीड़ बढ़ता देख जो पहले आए, उन्हें केंद्र पर मौजूद लोगों ने टोकन दे दिए। 1 घंटे में ही सभी टोकन खत्म हो गए। इसके बाद गेट बंद हो गया तो बहस भी होती रही। लेकिन इसके बाद आने वाले लोगों को वैक्सीन नहीं लगी। दोपहर 1 बजे तक सभी 350 लोगों को वैक्सीन लगा दी। दरअसल, लोगों का गुस्सा ये था कि वैक्सीन ही नहीं तो कैंप क्यों लगाया...? हम दूर-दूर से सिर्फ वैक्सीन लगवाने आए हैं। धूप में परेशान हुए, संक्रमण का भी डर है। लोगों का ये गुस्सा जायज भी था...।

**डोज की कमी :** स्टॉक में 350 वैक्सीन थी इसलिए एक ही जगह टीके लगाए



माहेश्वरी धर्मशाला के केंद्र पर ऐसी भीड़ रही और डिस्टेंसिंग का नामोनिशान नहीं दिखा।

**संक्रमण की कतार...** दूध विक्रेताओं के इस तरह से लिए सैंपल



रतलाम | इधर, प्रशासन ने गुरुवार को ऐसे लोग जो होम डिलेवरी में लगे हैं और लोगों से सीधे संपर्क में है, उनको कोरोना टेस्ट के लिए बुलाया। लोकेंद्र टॉकीज में यहां भी दो गज की दूरी नहीं दिखी। हालांकि, यह बात प्रशासन तक पहुंची, बाद में उन्होंने सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन की। सुबह से शाम तक चले इस काम में 200 लोगों की जांच की गई। एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया शुक्रवार को भी जांच की जाएगी। दूध विक्रेता, गैस सिलेंडर की डिलेवरी देने वाले हॉकर इसमें शामिल हो सकते हैं। इसके बाद कोई भी वितरक बगैर नेगेटिव रिपोर्ट मैसेज डिलीवरी व्यवस्था में शामिल नहीं हो पाएगा।

### माइक्रो प्लानिंग की जरूरत... क्योंकि सप्ताहभर रहेगी टीके की किल्लत

- टीके की किल्लत सप्ताहभर तक बनी रहने की आशंका है, इस सप्ताह जिले में एक दिन में 500 लोगों का ही टीकाकरण किया जा सकेगा।
- टीकाकरण को लेकर लोगों का उत्साह है, खासतौर पर दूसरे डोज वालों का टीका जरूरी है। ऐसे में केंद्रों पर लोगों की भीड़ होना तय है।
- आमजन को भ्रम में रखने के बजाए... या तो सिर्फ रजिस्ट्रेशन या मोहल्ले के अनुसार टीकाकरण होना चाहिए।
- जमीनी स्तर पर माइक्रो प्लानिंग की जरूरत है, ताकि भीड़ ना हो, कम लोगों में सोशल डिस्टेंसिंग भी मैनेज कर सके।
- जिले में शुक्रवार को कहीं भी टीकाकरण सत्र नहीं लगाया जाएगा।

### अभी तक किसी भी उम्र के लोगों का 100% दूसरा डोज नहीं

| लाभार्थी | पहला डोज | दूसरा डोज |
|---|---|---|
| हेल्थ केयर वर्कर | 90.02% | 68.57% |
| फ्रंटलाइन वर्कर | 100% | 59.72% |
| 18+ | 0.19% | 00% |
| 45+ | 24.34% | 9.36% |
| 60+ | 35.40% | 30.24% |

### अब तक हमारे जिले में किस वैक्सीन के कितने डोज लगे

| वैक्सीन | पहला डोज | दूसरा डोज | कुल |
|---|---|---|---|
| कोविशील्ड | 114920 | 25648 | 140568 |
| को-वैक्सीन | 10968 | 4858 | 15826 |
| कुल | 125888 | 30506 | 156394 |

दै. भास्कर
14-5-2021

8

# शहर में बनाए 41 कन्टेंमेंट क्षेत्र



कोविड-19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है उस क्षेत्र को कनटेनमेंट झोन बनाया जा रहा है जिसके तहत अब तक41 कनटेंनमेंट झोन बनाये जा चुके है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11, 12 व 13 मई को टाटा नगर में 2, तेजा नगर में 2, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्टेंशन, प्रताप नगर एक्टेंशन में मकान नम्बर 5, 19 व 30, ऑफिसर्स कॉलोनी, बालाजी नगर, थावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी में 4, गुलमोहर कॉलोनी, देवरादेव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नम्बर 3, सुनाना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग पर 2, दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग, दीनदयाल नगर मकान नम्बर 38 व 196, दीनदयाल नगर राधा-कृष्ण स्कूल के पास, शास्त्री नगर में 2, राजपूत बोर्डिंग के पास 2, महेश नगर, सनसिटी कॉलोनी में कन्टेनमेंट झोन बनाये गये है इस तरह 3 दिवस में 41 कनटेनमेंट झोन रतलाम नगरीय क्षेत्र में बनाये गये हैं।

उवांग दुनिया 14-5-2021

# शहर में बनाए 41 कनटेंनमेंट क्षेत्र



रतलाम। कोविड-19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है उस क्षेत्र को कनटेनमेंट झोन बनाया जा रहा है जिसके तहत अब तक41 कनटेंनमेंट झोन बनाये जा चुके है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11, 12 व 13 मई को टाटा नगर में 2, तेजा नगर में 2, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्टेंशन, प्रताप नगर एक्टेंशन में मकान नम्बर 5, 19 व 30, ऑफिसर्स कॉलोनी, बालाजी नगर, थावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी में 4, गुलमोहर कॉलोनी, देवरादेव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नम्बर 3, सुनाना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग पर 2, दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग, दीनदयाल नगर

# अब लॉकडाउन 8 दिन और बढ़ा, प्रभारी मंत्री डा. यादव ने की घोषणा

रतलाम। लाकडाउन को 25 मई तक बढ़ा दिया गया है। इस बात की जानकारी कोरोना मामलों के प्रभारी मंत्री डा. मोहन यादव ने जिला आपदा प्रबन्धक समिति की बैठक के बाद पत्रकारों को दी। इससे पहले लॉक डाउन की अवधि 17 मई तक थी, लेकिन इसे अब आठ दिन और बढ़ा दिया गया है।

**▸ तहसील मुख्यालयों और बडे गांवों में बनाए जाएंगे कोविड केयर सेन्टर**

**▸ आक्सिजन बेड की व्यवस्था की जाएगी**

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा करते हुए डा. यादव ने बताया कि कोरोना की रफ्तार को रोकने के लिए लाक डाउन बेहद जरुरी है। उन्होने कहा कि कोरोना संक्रमितों के उपचार के लिए लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि के प्रयास किए जा रहे है। जिले के सभी तहसील मुख्यालयों और बडे गांवों में अब कोविड केयर सेन्टर बनाए जाएंगे और वहीं भी आक्सिजन बेड की व्यवस्था की जाएगी, ताकि ग्रामीणों को उपचार के लिए शहर तक ना आना पडे। डा. यादव ने बताया कि कोरोना मरीजों की जांच और कन्टेनमेंन्ट का सख्ती से पालन करके हम कोरोना संक्रमण की गति पर रोक लगा सकते है। इन पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरुरत है। इससे पहले प्रभारी मंत्री ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर कोरोना से निपटने के उपायों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के फौरन बाद उन्होने जिला आपदा प्रबन्धन समिति के सदस्यों से चर्चा की और इसी बैठक में लाकं डाउन की अवधि बढाने का निर्णय लिया गया।



## फायर लॉरी से किया सेनेटाइज

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 13 मई को फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, काटजू नगर, दीनदयाल नगर, मोती नगर, ओसवाल नगर, टाटा नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया।

नव भारत
14-5-2021

# फंगल इंफेक्शन के उपचार की हो सुविधा - सांसद सुधीर गुप्ता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 14-5-21

रतलाम. जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक गुरुवार को प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के निर्देशानुसार जिले में गरीब निर्धन हितग्राहियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में कोई देरी नहीं हो।

सांसद सुधीर गुप्ता ने फंगल इंफेक्शन संबंधी उपचार चिकित्सालय में उपलब्ध कराने तथा सांसद अनिल फिरोजिया ने ताल, आलोट क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने, लॉकडाउन का कड़ाई से पालन करवाने की बात कही। विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में ट्राय एज एरिया में 50 अतिरिक्त ऑक्सीजन बेड उपलब्ध कराए जाएं जिससे वहां आने वाले मरीजों के लिए अतिरिक्त भर्ती सुविधा मिले, उनका उपचार हो सके। विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने भी कोविड-मरीजों के उपचार के संबंध में ऑक्सीजन बेड, मेडिकल स्टाफ उपलब्धता की बात कही। बैठक में गोविंद काकानी, मनोहर पोरवाल, महेंद्र कटारिया द्वारा भी सुझाव दिए गए। बैठक में सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक चेतन्य काश्यप ऑनलाइन जुड़े थे।

पत्रिका
14-5-2021

# शहर में 3 दिन में बनाए गए 41 कनटेंनमेंट क्षेत्र



कोविड-19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे है उस क्षेत्र को कनटेनमेंट झोन बनाया जा रहा है। अब तक 41 कनटेंनमेंट झोन बनाये जा चुके है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में 11, 12 व 13 मई को टाटा नगर में 2, तेजा नगर में 2, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्टेंशन, प्रताप नगर एक्टेंशन में मकान नम्बर 5, 19 व 30, ऑफिसर्स कॉलोनी, बालाजी नगर, धावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राम्हणों का वास, वेदव्यास कालोनी में 4, गुलमोहर कॉलोनी, देवरादेव नारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नम्बर 3, सुनाना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग पर 2, दीनदयाल नगर मुख्य मार्ग, दीनदयाल नगर मकान नम्बर 38 व 196, दीनदयाल नगर राधा- कृष्ण स्कूल के पास, शास्त्री नगर में 2, राजपूत बोर्डिंग के पास 2, महेश नगर, सनसिटी कॉलोनी में कन्टेनमेंट झोन बनाये गये है इस तरह 3 दिवस में 41 कनटेनमेंट झोन रतलाम नगरीय क्षेत्र में बनाये गये हैं। 14-5-21

14-5-2021

इबादत

कोरोना संक्रमण के कारण ईद पर इस बार जिले में कहीं नहीं होंगे सामूहिक आयोजन

# मुस्लिम समाज आज मनाएगा ईद, घरों में ही अदा करेंगे नमाज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनि)। ईद उल फितर का चांद बुधवार को नजर नहीं आने से गुरुवार को रमजान का तीसवां रोजा रहा। शुक्रवार को ईद उल फितर का पर्व सादगी से मनाया जाएगा। कोरोना संक्रमण को लेकर लागू लाकडाउन के चलते जिले में कहीं भी सामूहिक नमाज अदा नहीं की जाएगी। समाजजन घरों पर ही ईद की नमाज अदा कर सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे को मुबारकबाद देंगे।

ईद पर्व को लेकर समाजजनों में उत्साह है। लाकडाउन में समाजजनों ने घरों में रहकर ही पाक रमजान माह में खुदा की इबादत की। अब ईद का त्योहार भी घरों में रहकर ही मनाया जाएगा। चीफ काजी सैयद आसिफ अली ने बताया कि शुक्रवार को ईद मनाई जाएगी। लक्कड़पीठा व ऊंकाला रोड ईदगाह में होने वाली नमाज कोरोना संक्रमण के चलते निरस्त कर दी गई है। सभी समाजजन अपने घरों में रहकर ही नमाज अदा करेंगे। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से ही एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देंगे। ईद मिलन समारोह भी निरस्त रहेंगे। कोरोना काल में लगातार दूसरे वर्ष भी बोहरा समाज द्वारा ईद का त्योहार सादगी से मनाया गया। पर्व पर समाजजन घरों पर ही रहे। मोबाइल फोन से एक-दूसरे को मुबारकबाद देकर हाल-चाल जाने। समाज के प्रवक्ता सलीम आरिफ ने बताया कि पर्व पर कोरोना पीड़ितों की मदद की गई। आमिल साहब और समाजजनों ने देश-दुनिया से कोरोना के खात्मे और पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ की। उधर, पर्व पर समाजजनों ने मानव सेवा समिति ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान भी किया। समिति अध्यक्ष मोहन मुरलीवाला, पूर्व ब्लड बैंक प्रभारी गोविंद काकानी, सलीम आरिफ आदि उपस्थित थे।

नई दुनिया 14-5-2021

**पर्व** • ईदगाह व मसजिदें बिना नमाजियों के रहेंगी सूनी, लॉकडाउन की वजह से सामूहिक नमाज नहीं

# 100 साल में तीसरी मर्तबा ईदगाह में अदा नहीं की जाएगी ईद-उल-फितर की नमाज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की सबसे पुरानी ईदगाह में इस मर्तबा भी ईद की नमाज अदा नहीं हो पाएगी। कोरोना काल के चलते लगातार दूसरी बार ईदगाह में ईद की नमाज अदा नहीं होगी। 100 साल में यह तीसरा मौका है जब ईद की नमाज नहीं हो पा रही है। मुस्लिम समाजजन घरों में ही रहकर ईद की नमाज अदा कर बिना गले मिले ईद की बधाई देंगे।

लक्कड़पीठा और ऊंकाला रोड पर मुस्लिम समाजजन की ईदगाह है। लक्कड़पीठा वाली ईदगाह लगभग 300 साल पहले की बनी होकर सबसे पुरानी है। इसमें 2000 नमाजी हर साल ईद की नमाज अदा करते हैं। वहीं ऊंकाला रोड स्थित ईदगाह को बने लगभग 30 साल हो चुके हैं। यहां 10 हजार नमाजी एक साथ ईद की नमाज अदा कर सकते हैं।

**ईद का चांद दिखा, खुशी मनाकर दी बधाई-** ईद-उल-फितर का चांद गुरुवार को नजर आने से मुस्लिम समाजजन शुक्रवार को त्योहार मनाएंगे। समाजजनों ने गुरुवार को रमजान का 30वां रोजा किया। सभी ने 30वें रोजे की नमाज अदा कर कोरोना महामारी से पीड़ित सभी लोगों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की दुआ की।

## रतनसिंह महाराज ने दी थी जमीन


शहर की सबसे प्राचीन लक्कड़पीठा स्थित ईदगाह।

रतलाम राज्य की स्थापना हुई थी तब राजा रतनसिंह जी के साथ कुछ मुस्लिम समाजजन भी आए थे। उस दौरान उन्होंने ईदगाह के लिए लक्कड़पीठा क्षेत्र में जमीन दी थी। इसके बाद यहां ईदगाह का निर्माण करवाया था, तभी से यहां ईद की नमाज अदा की जाने लगी। उस समय लक्कड़पीठा क्षेत्र शहर से काफी दूर था। उस दौरान चारों ओर दीवारें ही थीं। लगभग 60 साल पहले समाजजनों ने मिलकर इसका जीर्णोद्धार किया। समय के साथ ईदगाह में नमाजियों के लिए स्थान कम होने पर मप्र शासन ने नई ईदगाह के लिए ऊंकाला रोड पर जमीन दी थी, जहां नई ईदगाह बनाई गई।

**अहले हदीस ईदगाह में महिलाएं नमाज अदा करती हैं :** शहर में तीसरी ईदगाह जमीयत अहले हदीस की है जो अमृत सागर तालाब के पास है। यह करीब 150 साल पुरानी है। महिलाओं के लिए नमाज की अलग व्यवस्था है जिसमें लगभग 1000 स्त्री-पुरुष नमाज अदा करते हैं। अरब देशों व मक्का मदीना में भी मसजिदों में महिलाओं के लिए नमाज पढ़ने की अलग से व्यवस्था रहती है। भारत में जमीयत अहले हदीस की ईदगाह में महिलाओं के लिए नमाज के लिए अलग से स्थान है, जबकि समाज की महिलाएं अन्य मुस्लिम देशों की तरह नमाज अदा नहीं करती हैं।

## मोहल्ले वाले जुमे की नमाज में होते हैं एकत्रित

इस्लाम के मानने वालों के लिए एकेश्वरवाद, नमाज, रोजा, हज और जकात का पालन करना अनिवार्य है। नमाज का महत्व इसी बात से जाना जाता है कि जहां कुरआन में अल्लाह ने नमाज को फर्ज किया है वहीं पैगंबर मोहम्मद साहब ने नमाज को अपनी आंखों की ठंडक बताया है। 5 वक्तों में नमाज सुबह सूर्य उदय से पूर्व फज्र की, दोपहर के वक्त जौहर की, दिन ढलते समय असर की, सूर्य अस्त होने के बाद मगरिब की और रात शुरू होने पर ईशा की नमाज अदा की जाती है। नमाज में कुरआन की तिलावत की जाती है। नमाज के बाद दुआ की जाती है। जुमा और दोनों ईद की नमाज विशेष होती है जिसमें नमाज पढ़ाने वाले इमाम या काजी ईद में खुतबा देते हैं। रियासत काल में बादशाह संदेश भी इमाम के जरिए खुत्बे के दौरान रियाया को पहुंचाते थे। जुमे की नमाज का मकसद मोहल्ले के लोगों को जमा कर नमाज अदा करना व ईद की नमाज का मकसद शहर के लोगों को एक साथ नमाज अदा करना होता है। अब मोहल्ले ही शहर बराबर हो गए हैं इसलिए सभी मसजिदों में जहां जुमा होता है, वहां ईद की नमाज भी होती है।

*1920 में कालाजार बुखार के चलते ईद की नमाज ईदगाह में अदा नहीं की जा सकी थी। नमाज के बाद रोजा जो रमजान माह में 30 दिन व हज जीवन में एक बार मक्का मदीना में ईद उल जुहा के समय अदा करना होता है। जकात जो जमा पूंजी या संपत्ति का 2.5% हर साल गरीबों को दान करना फर्ज है। ये सभी इस्लाम के स्तंभ हैं जिसका प्रत्येक मुसलमान को पालन करना अनिवार्य है।*

**सैयद आसिफ अली,** चीफ काजी

दै. भास्कर 14-5-2021

(14)

# रतलाम में कोरोना से किशोरी ने तोड़ा दम

रतलाम | जिले में कोरोना संक्रमित मिलने के मामले अब लगातार कम हो रहे हैं। गुरुवार को मई महीने में पहली बार 300 से कम संक्रमित सामने आए हैं। इधर, चिंता की बात ये है कि गुरुवार को 6 लोगों ने दम तोड़ा, उनमें से एक 14 साल की किशोरी है। 9 मई को 360 संक्रमित मिले थे, इसके बाद से ही आंकड़ा कम हो रहा है। गुरुवार को जिले में 298 पॉजिटिव सामने आए हैं। इनमें रतलाम के साथ ही ग्रामीण अंचल के लोग भी शामिल हैं।

**जिले में अब तक 255 मौत-** इधर, संक्रमित के आंकड़े कम हो रहे हैं। जिले में अब तक 255 की मौत हो गई है। गुरुवार को एक साथ 6 लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं। इनमें एक 14 साल की किशोरी भी है। यह किशोरी सिंधी कॉलोनी में रहती थी, 4 मई को रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी। 10 मई को इन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया था। 10 मई को ही किशोरी ने दम तोड़ दिया।

दै. भास्कर 14-5-2021

## कहर बरपा रही कोरोना की दूसरी लहर, मेडिकल कालेज में 74 नए मरीज भर्ती

# 13वें दिन 298 नए पाजिटिव केस और छह की मौत

14-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना की दूसरी लहर कहर बरपा रही है। मई माह में हर दिन 300 से अधिक नए संक्रमित केस सामने आ रहे हैं। हालांकि पिछले दो दिनों से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी से कुछ राहत है। फीवर क्लीनिक पर जांच करवाने वालों की भीड़ लग रही है, वहीं सरकारी व निजी अस्पतालों में बड़ी संख्या पाजिटिव मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं। कई गंभीर मरीजों को बेड उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

मई माह के 13वें दिन गुरुवार को 298 नए पाजिटिव केस सामने आए। छह की मौत भी हुई। 282 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 3732 है। मई के 13 दिनों में कुल 4518 नए संक्रमित सामने आए और 2625 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। 61 की मौत हुई। पेंडिंग सैंपलों की संख्या भी घटकर 850 पर आ गई है।

शासकीय मेडिकल कालेज में गुरुवार को 74 नए मरीज भर्ती हुए। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 बेड, आक्सीजन बेड 180 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड



जिला अस्पताल के फीवर क्लीनिक पर जांच कराने के लिए लगी मरीजों की कतार। • नईदुनिया

142 में से 60 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 468 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 336 पाजिटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 82 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 5800, डिस्ट्रीब्यूटेड 1173, कन्ज्यूम्ड 4782, करंट स्टाक 95 है।

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए संक्रमित मरीजों के घर के आसपास कंटेनमेंट जोन बनाए जा रहे हैं। शहर में तीन दिन में 41 कंटेनमेंट जोन बनाए जा चुके हैं।

**मेडिकल किट का वितरण जारी**

ई-दक्ष केंद्र से गुरुवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 76 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्डवार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्डवार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। इसके तहत सूची अनुसार 68 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। चार मरीज उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती होना पाए गए। तीन मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाए गए। दो मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया। इसके अलावा 116 मेडिसिन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई।

**जिले में कोरोना की अब तक की स्थिति**

पाजिटिव- 15330
स्वस्थ हुए- 11343
मौत- 255
एक्टिव मरीज- 3732

**फायर लारी से किया सैनिटाइज**

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। गुरुवार को फायर लारी व ट्रैक्टर से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम, त्रिवेणी मुक्तिधाम, काटजू नगर, दीनदयाल नगर, मोती नगर, ओसवाल नगर, टाटा नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि को सैनिटाइज किया गया।

नई दुनिया
14-5-2021

## नगर निगम के दल ने 68 मरीजों को मेडिसिन किट दी

रतलाम | नगर निगम के दल ने गुरुवार को 77 मरीजों को मेडिसिन किट घर जाकर दी। ई-दक्ष केंद्र से 77 मरीजों की सूची मिली थी। इनमें से 68 घर पर मिले। 4 मरीज अस्पताल में भर्ती पाए गए। 3 नगरीय सीमा क्षेत्र से बाहर के निकले। दो मरीजों को पहले से किट मिल चुकी थी। इसके अलावा 116 मेडिसिन किट मरीज के परिजन को दी गई।

दै. भास्कर
14-5-2021



## 76 मरीजो को किया मेडिसिन किट का वितरण, मरीज के परिजनों को 116 मेडिकल किट का वितरण

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 13 मई गुरुवार को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 76 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई व कन्ट्रोल रूम से 1 मेडिसिन किट। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु

**केंद्रों पर बेकाबू होती भीड़ को नियंत्रित करने की नहीं कोई व्यवस्था**

# टीका केंद्रों पर लापरवाही: टीका लगवाने के चक्कर में संक्रमण को ना ले जाएं घर



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 14-5-21

रतलाम. कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार के पीछे कारण आमजन के द्वारा नियमों का पालन नहीं करना बड़ी वजह है। संक्रमण से बचाने के लिए टीकाकरण की शुरुआत की गई है जिसके चलते हर दिन टीके लगाए जा रहे हैं लेकिन वर्तमान में टीकाकरण केंद्र पर हालात बिगड़ने लगे हैं। यहां जितने टीके नहीं होते उससे कहीं अधिक लोग लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं जिसके कारण नियमों की धज्जियां उड़ रही है और यहां पर भीड़ पर काबू पाने के लिए कोई नहीं है। ऐसे में लापरवाही के चलते यहां टीका लगवाने के लिए आने वाले लोग अपने साथ कहीं बीमारी घर ना ले जाए।

प्रशासन द्वारा गुरुवार से शहर में दूध वितरण कर रहे लोगों के साथ ही घरेलू गैस सिलेंडर वितरक सहित अन्य आवश्यक सामग्री घर तक पहुंचाने वाले लोगों की कोरोना जांच कराई जा रही है। इसके लिए शहर के लोकेंद्र टॉकीज में केंद्र बनाया गया है, जहां गुरुवार को जांच कराने आए लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। यहां नहीं किसी प्रकार की कोई सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो रहा था जिसके चलते संक्रमण का खतरा काफी हद तक बढ़ गया था। सूचना पर यहां एसडीएम तो आए लेकिन उनकी मौजूदगी में भी लोग मानने को तैयार नहीं थे। यदि जांच केंद्र और टीकाकरण केंद्रों पर इस तरह बेकाबू भीड़ टूटती रही तो मरीजों की संख्या में और तेजी से इजाफा होना शुरू हो जाएगा।

## 1593 लोगों को टीका

कोविड टीकाकरण सत्रों के दौरान गुरुवार को कुल 1593 लोगों का टीकाकरण किया गया। 18 से 44 वर्ष आयु समूह के अंतर्गत ऑनलाईन प्री बुकिंग के आधार पर कुल 616 लोगों को कोवैक?सीन का टीका लगाया गया। 45 वर्ष से अधिक आयु समूह के अंतर्गत कुल 955 लोगों ने कोविशील्ड का दूसरा टीका लगवाया। कुल 22 फ्रंटलाईन वर्कर्स को कोवैक?सीन का दूसरा टीका लगाया गया। शुक्रवार 14 मई को कोविड संबंधी टीकाकरण सत्र का कहीं भी आयोजन नहीं किया जाएगा।

**कोविशील्ड टीका के लिए हुई परेशानी**

# 7 बजे बंटे टोकन, 70 से अधिक लौटे



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 14-5-21

रतलाम. शहर में गुरुवार को

# कबाड़ का सामान फैलाने पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया

**रतलाम |** हाट रोड स्थित वेदव्यास कॉलोनी क्षेत्र में कबाड़ का सामान फैलाकर अतिक्रमण करने और गंदगी फैलाने पर गुरुवार को नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की। कबाड़ी दिनेश पिता लक्ष्मीनारायण सोलंकी पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाकर वसूला गया। आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने की। इसके अलावा इसके अलावा दो बत्ती, टीआईटी रोड क्षेत्र में 5 फुटकर सब्जी व फल विक्रेताओं द्वारा गंदगी करने पर 1200 रुपए जुर्माना वसूला गया।